# एनटीपीसी लारा को मिला सेफ्टी इनोवेशन नेशनल अवार्ड, 2021

## चर्चा में क्यों?

10 मार्च, 2022 को 18वें सेफ्टी कन्वेंशन में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, सेफ्टी एंड क्वालिटी फोरम, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ ज़िले में स्थित एनटीपीसी लारा को सेफ्टी इनोवेशन अवार्ड, 2021 से सम्मानित किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- एनटीपीसी को यह पुरस्कार प्रो. डी.पी. अग्रवाल (संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष) और डॉ. एच.ओ. ठाकरे, (इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के अध्यक्ष) द्वारा प्रदान किया गया।
- एनटीपीसी लारा की ओर से हरीश मित्तल (सीनियर मैनेजर (सेफ्टी) लारा) ने पुरस्कार ग्रहण किया।
- कार्यस्थल पर नवोन्मेषी सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के लिये ऊर्जा क्षेत्र श्रेणी में एनटीपीसी लारा को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।
- लारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन छत्तीसगढ़ के रायगढ़ ज़िले के तालुक पुसोर के गाँव लारा के पास स्थित एक कोयला आधारित बिजली संयंत्र है। इसकी स्थापित क्षमता 1600 मेगावाट है। 800 मेगावाट सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी इस संयंत्र की प्रमुख विशेषता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/safety-innovation-national-award-2021